



# न्यूज़ लेटर
# उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

जून–2022

*अन्दर के पृष्ठों पर.........*

- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- आगामी गतिविधियाँ
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

तकनीकी स्तम्भ

विविध

## उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार मुख्यालय भ्रमण

▪ दिनांक 06.05.2022 : उत्तर प्रदेश संवर्ग (2020 बैच) के 16 प्रशिक्षु आई0ए0एस0 अधिकारियों के 19वें डिब्रीफिंग कार्यक्रम के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार की कार्यप्रणाली से भिज्ञ कराने हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय, लखनऊ का भ्रमण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

श्री एस0पी0 सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर द्वारा सभी अधिकारियों का मुख्यालय पर स्वागत किया गया तथा उन्हें यूनाईटेड प्रॉविन्सिज़ (वर्तमान उत्तर प्रदेश) में पुलिस दूरसंचार हेतु प्रारम्भिक प्रयोग, पुलिस रेडियो का विकासक्रम, उत्तर प्रदेश पुलिस हेतु पुलिस रेडियो की स्थापना तथा वर्तमान में स्थापित पुलिस रेडियो मुख्यालय का इतिहास, रेडियो मुख्यालय का भ्रमण करने वाले पूर्व प्रधान मंत्री, भारत सरकार एवं अन्य विशिष्ट महानुभावों के बारे में जानकारी दी। तदोपरान्त वर्ष 1952 से 1971 तक पुलिस रेडियो विभाग के प्रथम भारतीय मुखिया एवं 'पद्म श्री छत्रपति जोशी' के पुलिस रेडियो एवं अन्य योगदानों के सम्बन्ध में बताया गया।

प्रशिक्षुओं को संकेत कक्ष के भ्रमण में एचएफ आवृत्ति पर संचार की तकनीकी स्पष्ट की गयी। रेडियो मेल एवं पोलनेट 2.0 की पुलिस दूरसंचार के लिये उपयोगिता एवं महत्ता को भी स्पष्ट किया तथा इन केन्द्रों का भ्रमण कराया। अधिकारियों द्वारा विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे तथा उनकी सभी शंकाओं का समाधान किया गया।

श्री सुनील कुमार गुप्ता, अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार द्वारा प्रशिक्षुओं से परिचय प्राप्त किया गया तथा उन्हें विभाग के बारे में मुख्य–मुख्य बातें स्पष्ट करते हुए उनके लिये पुलिस संचार की प्रशासनिक सेवा में उपयोगिता को स्पष्ट किया गया। श्री गुप्ता द्वारा अपने वृहद सेवाकाल के अनुभवों से प्रशिक्षुओं को अभिसिंचित कर उनका मार्गदर्शन किया गया। अधिकारियों द्वारा रेडियो मुख्यालय के सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए भ्रमण कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्द्धक बताया गया।



## सराहनीय कार्य

- निम्न भ्रमण कार्यक्रमों के दौरान निर्विघ्न संचार व्यवस्था स्थापित की गयी–

| दिनांक | जनपद |
|---|---|
| मा0 प्रधान मंत्री, भारत सरकार | |
| 16.05.2022 | लखनऊ |
| | कुशीनगर |
| मा0 राज्यपाल, उ0प्र0 | |
| 20.05.2022 | वाराणसी |
| 19.05.2022 | वाराणसी |
| | सोनभद्र |
| 18.05.2022 | सोनभद्र |
| | चन्दौली |
| 11.05.2022 | मेरठ |
| | बिजनौर |
| मा0 मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश | |
| 16.05.2022 | कुशीनगर |
| 15.05.2022 | गोरखपुर |
| 14.05.2022 | |
| 14.05.2022 | वाराणसी |
| 13.05.2022 | |

## पुलिस मुख्यालय के आदेश/निर्देश

- अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिदेशक के जीएसओ, उ0प्र0 का पत्र संख्याः डीजी–तीन–निर्देश–2022 दिनांक 24.05.2022 द्वारा अराजपत्रित पुलिस कर्मियों द्वारा अपनी समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में नियमानुसार अपने प्रभारी जनपद/इकाई से अनुमति प्राप्त कर निर्धारित यूनीफार्म में सोमवार से शुक्रवार के मध्य (अवकाश को छोड़कर) कार्यालय कार्य अवधि में पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 की उपलब्धता के अनुसार महोदय से भेंट कर सकने की व्यवस्था से सूचित किया गया है।
- अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिदेशक के जीएसओ, उ0प्र0 के पत्र संख्याः डीजी–तीन–निर्देश–2022 दिनांक 19.05.2022 द्वारा मा0 मुख्यमंत्री जी/शासन/ डी0पी0पी0 मुख्यालय द्वारा आयोजित वीडियो कान्फ्रेन्सिंग में सम्मिलित होने वाले सभी अधिकारियों द्वारा निर्धारित वर्किंग यूनीफार्म धारण किये जाने हेतु समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है।
- अपर पुलिस महानिदेशक, कानून व्यवस्था, उ0प्र0 के पत्र संख्याः डीजी–दस–वि0प्र0–रिट–(117)/2022/1549 दिनांक 12.05.2022 द्वारा W.P.(C) No. 682 of 2021 S.G. Vombatkere v/s Union of India में मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांकित 11.05.2022 द्वारा भा0द0वि0 की धारा 124A के सम्बन्ध में दिये गये निर्देशों का अनुपालन कराये जाने हेतु पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट लखनऊ/गौतमबुद्धनगर/कानपुर नगर/वाराणसी एवं समस्त पुलिस उपमहानिरीक्षक /वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, उ0प्र0 को निर्देशित करते हुए प्रतिलिपि अन्य अधिकारियों को प्रेषित की गयी है।
- श्री देवेन्द्र सिंह चौहान, पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के रेडियोग्राम/ई–मेल संख्याः डीजी–1–18 (05)–2020 दिनांक 13.05.2022 द्वारा दिनांक 13.05.202 के पूर्वान्ह में पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 का कार्यभार ग्रहण करने एवं कार्यालय दूरभाष नम्बर 0522–2390240, सीयूजी नम्बर 9454400121 से सर्वसम्बन्धित को अवगत कराया गया है।

## उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय के आदेश/निर्देश

- उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) मुख्यालय के पत्र संख्याः डी–23/2020 (प्रतिनियुक्ति) दिनांक 27.05.2022 द्वारा एस0वी0पी0 राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद में Inspector Communication के पद पर प्रतिनियुक्ति पर जाने के इच्छुक कार्मिकों का बायोडाटा मय प्रार्थनापत्र शीघ्र उपलब्ध कराये जाने हेतु समस्त उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) को अवगत कराया गया है।
- राज्य रेडियो अधिकारी, प्रशासन के कार्यालय ज्ञाप संख्याः एम–295/2022 (मिस) दिनांक 17.05.2022 द्वारा उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय की प्रशासनिक शाखा को बिना सूचना दिये, कतिपय राजपत्रित अधिकारियों द्वारा पर्यवेक्षणाधीन कार्यरत अराजपत्रित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरूद्ध किन्हीं–किन्हीं प्रकरणों में अपने स्तर से प्रारम्भिक जॉच के आदेश पारित कर दिये जाने के कारण सम्बन्धित के विरूद्ध प्रचलित/लम्बित प्रारम्भिक जॉचों का समग्र विवरण मुख्यालय स्तर पर उपलब्ध न होने के दृष्टिगत एक तरफ उसकी समीक्षा न हो पाने एवं सम्बन्धित को देय सेवा लाभ अनुमन्य करते समय उक्त के विरूद्ध विद्यमान प्रतिकूल तथ्य तत्समय प्रस्तुत न होने के कारण प्रारम्भिक जॉच की आवश्यकता पड़ने पर सम्बन्धित पर्यवेक्षकीय राजपत्रित अधिकारी प्रश्नगत विवरण अपने ज़ोनल उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) /राज्य रेडियो अधिकारी के माध्यम से अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के अनुमोदन/सहमति प्राप्त करने के उपरान्त ही प्रारम्भिक जॉच प्रचलित कराये जाने हेतु सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया गया है।
- उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) ऑपरेशन के पुलिस रेडियो मेल संख्याः एआरओएम–411/2022(एनालॉग) दिनांक 13.05.2022 द्वारा जनपदों द्वारा प्रेषित वायरलेस सेटों की मांग की समीक्षोपरान्त एनालॉग स्टै0/मोबा0 एवं हैण्ड हैल्ड सेटों का स्थायी रूप से निम्नानुसार आवंटन करते हुए एकत्र किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है–

| क्र0 | जनपद | स्टै0/मो0 सेट की संख्या | हैण्ड हेल्ड सेट की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | AGA | 50 | 32 |
| 2 | FRZ | 28 | 8 |
| 3 | MPI | 17 | 14 |
| 4 | MTA | 24 | 14 |
| 5 | HTS | 0 | 10 |
| 6 | AIH | 30 | 4 |
| 7 | ETH | 23 | 6 |
| 8 | KSJ | 0 | 4 |
| 9 | KND | 2 | 15 |
| 10 | AUR | 7 | 3 |
| 11 | EWH | 11 | 14 |
| 12 | FGH | 0 | 14 |
| 13 | JSI | 29 | 2 |
| 14 | LTP | 20 | 2 |
| 15 | JLN | 17 | 2 |
| 16 | BRY | 43 | 55 |
| 17 | BDN | 36 | 21 |
| 18 | PBT | 17 | 20 |
| 19 | SHA | 0 | 5 |
| 20 | MDD | 30 | 11 |
| 21 | SBL | 15 | 8 |
| 22 | RPR | 10 | 6 |
| 23 | BJR | 30 | 7 |
| 24 | AMH | 30 | 7 |
| 25 | MRT | 5 | 45 |
| 26 | SRR | 14 | 15 |
| 27 | SMI | 0 | 3 |
| 28 | BNA | 62 | 10 |
| 29 | CKT | 24 | 2 |
| 30 | HMR | 28 | 4 |

| क्र0 | जनपद | स्टै0/मो0 सेट की संख्या | हैण्ड हेल्ड सेट की संख्या |
|---|---|---|---|
| 31 | MBA | 35 | 10 |
| 32 | VNS | 0 | 20 |
| 33 | JNR | 10 | 2 |
| 34 | GZR | 13 | 2 |
| 35 | CDI | 0 | 4 |
| 36 | AZH | 65 | 0 |
| 37 | MAU | 15 | 0 |
| 38 | BLA | 15 | 0 |
| 39 | MZR | 25 | 0 |
| 40 | SBR | 31 | 0 |
| 41 | SRN | 27 | 0 |
| TOTAL | | 838 | 401 |

• अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के आदेश संख्याः सीए/एडीजी –1/2022 दिनांक 11.05.2022 द्वारा जनपदों/वाहिनी में नियुक्त रेडियो कार्मिक अपनी निर्धारित ड्यूटी पर समय से उपस्थित न होकर विलम्ब से आने, ड्यूटी अवधि के पूर्व ही चले जाने तथा राजकीय कार्यों का समयबद्ध सम्पादन करने के बजाय आपसी गुटबन्दी करके राजकीय कार्य अवरोधित करने की शिकायतें प्राप्त होने एवं विभिन्न जनपदों से शिकायती पत्र प्राप्त होने के दृष्टिगत उक्तानुसार अपेक्षित कार्यों को गतिशीलता प्रदान करने हेतु प्रदेश के रेडियो शाखा के समस्त राजपत्रित अधिकारियों को कतिपय बिन्दुओं पर निर्देशित करते हुए अनुपालन करने/कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

## कल्याणकारी कार्य

• पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र स्थित होम्योपैथिक चिकित्सालय में मई–2022 में 210 कार्मिकों का उपचार किया गया। चिकित्सक से आवश्यक परामर्श द्वारा दूरभाष भी प्रदान कराया गया।

## सेवानिवृत्ति

• उ0प्र0 पुलिस रेडियो से जून–2022 में सेवानिवृत्त (अधिवर्षता आयु पूर्ण कर/ऐच्छिक) हुए निम्न 06 कार्मिकों को ससम्मान विदाई दी गयी– 1. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री बालेन्दु उपाध्याय, 10वीं वाहिनी, बाराबंकी, 2. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अवधेश कुमार चतुर्वेदी, मथुरा, 3. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सैयद असअद अली किरमानी, रेडियो मुख्यालय, 4. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री गोपाल सिंह, वाराणसी, 5. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अजय कुमार श्रीवास्तव, इटावा एवं 6. संदेशवाहक, श्री भानु प्रताप सिंह, गोरखपुर।



## कोविड-19 सम्बन्धित कार्यवाहियाँ

• कोविड–19 संक्रमण से बचाव के उपायः पुलिस रेडियो कॉलोनी, महानगर, लखनऊ में बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश नियंत्रित है। इस हेतु कॉलोनी के गेट पर ड्यूटी लगायी गयी है। मुख्यालय/कॉलोनी के प्रवेश द्वारों पर प्रवेशकर्ताओं की डिस्टेंट थर्मल स्केनिंग करायी जा रही है। मुख्यालय पर जनपदों से सेट जमा/एकत्र/मरम्मत हेतु आने वाले कार्मिकों व चालकों की थर्मल स्केनिंग करायी जा रही है।

## प्रशिक्षण

• ऑनलाइन कार्यशालायेंः पुलिस रेडियो कार्मिकों के व्यवसायिक ज्ञान एवं व्यवहारिक दक्षता में अभिवृद्धि तथा राजकीय कार्य में गुणवत्तापूर्ण योगदान हेतु, उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय से द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कार्यशालायें, सप्ताह में 04 कार्य दिवसों में, प्रत्येक दिवस पर समय 1500 बजे से 1630 बजे तक दिनांक 07.12. 2020 से आयोजित करायी जा रही हैं। दिनांक 21. 03.2021 से 04 नये विषयों पर कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है।

## आतंकवाद विरोधी दिवस

• दिनांक 21.05.2022 को आतंकवाद विरोधी दिवस पर रेडियो मुख्यालय स्थित कार्यालयों में अधिकारियो/कर्मचारियों द्वारा निम्न शपथ ग्रहण की गयी–

**"हम भारतवासी अपने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परम्परा में दृढ़ विश्वास रखते हैं तथा निष्ठापूर्वक शपथ लेते हैं कि हम सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे। हम मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शान्ति, सामाजिक सद्भाव तथा सूझ–बूझ कायम करने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुँचाने वाली और विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की भी शपथ लेते हैं।"**



## पदोन्नति

• उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) मुख्यालय के आदेश पत्र संख्याः पी–755/2021 दिनांक 02.05.2022 द्वारा प्रधान परिचालक/प्रधान परिचालक यॉत्रिक के पद पर कार्यरत निम्नलिखित कर्मियों को रेडियो उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान की गयी है– 1. 1051/अनिल कुमार, सीतापुर, 2. 884/जय प्रकाश यादव, अम्बेडकरनगर, 3. 1676/सुधाकर सिंह पटेल, संत रविदास नगर, 4. 1009/राजेन्द्र सैनी, फतेहपुर एवं 5. 1085/अजय पति तिवारी, बाराबंकी।

## श्रद्धांजलि

• माह मई–2022 में जनपद बहराइच में नियुक्त रेडियो उपनिरीक्षक, तिलक राम का दिनांक 05.05.2022, जनपद श्रावस्ती में नियुक्त प्रधान परिचालक/934, ए0के0 दीक्षित का दिनांक 12.05.2022, जनपद बिजनौर में नियुक्त प्रधान परिचालक/826, पवन सिंह तोमर का दिनांक 12.05.2022 एवं जनपद अमेठी में नियुक्त संदेशवाहक, वी0के0 त्रिपाठी का असामयिक निधन हो गया है।



रेडियो उपनिरीक्षक,
तिलक राम



प्रधान परिचालक/934,
ए0के0 दीक्षित



प्रधान परिचालक/826,
पवन सिंह तोमर



संदेशवाहक,
वी0के0 त्रिपाठी

उ0प्र0 पुलिस रेडियो के समस्त कार्मिक उक्त असामयिक निधन पर अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हुए उक्त परिजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने का संबल प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना करते हैं।

न्यूज़ लेटर
उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

## अपने प्रदेश एवं अधिष्ठान के बारे में जानें (भाग-10)

### स्वतंत्रता के बाद उत्तर प्रदेश में पुलिस संचार का विकास

- **क्यू-मेल**

  वर्ष 2014 से सीसीटीएनएस नेटवर्क का प्रयोग कर 75 जनपदों में अंग्रेजी व हिन्दी में सन्देश प्रेषण की कम्प्यूटर संचार आधारित सुविधा स्थापित की गयी थी जो मार्च 2022 में समाप्त हो गयी है।

- **पुलिस रेडियो मेल**

  वर्ष 2018 से 75 जनपदों में अंग्रेजी व हिन्दी में सन्देश/डाटा प्रेषण की कम्प्यूटर संचार आधारित सुविधा उपलब्ध है। इस प्रणाली का कस्टमाइज़्ड सॉफ्टवेयर विभाग द्वारा तैयार कराया गया है जिसके माध्यम से सन्देश, शासन द्वारा अनुमोदित प्रारुप, पर प्रिन्ट होते हैं। यह प्रणाली केप्टिव नेटवर्क पर आधारित होने के कारण सुरक्षित है।

- **वायरलेस आधारित ध्वनि विस्तारक संचार व्यवस्था**

  साम्प्रदायिक एवं संवेदनशील घटनाओं तथा जनता में फैलने वाली अफवाहों को नियंत्रित करने में वायरलेस उपकरणों द्वारा संचालित ध्वनि विस्तारक उपकरण अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुए हैं। शान्ति व्यवस्था की विषम परिस्थितियों में सामूहिक रूप से आम जनता को जनपदीय अधिकारियों द्वारा सम्बोधित करने हेतु 78 जनपदों के संवेदनशील स्थानों पर कुल 1679 वायरलेस बेस्ड पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम स्थापित किये गये हैं।

- **पोलनेट संचार**

  वर्ष 2004 में उत्तर प्रदेश के 56 जनपदों में पोलनेट प्रणाली प्रारम्भ की गयी। भू-स्थिर कक्षा में स्थापित उपग्रह पर आधारित पोलनेट (पुलिस संचार नेटवर्क), राष्ट्रीय स्तर पर भारत के समस्त जिला मुख्यालयों, राज्य मुख्यालयों, केन्द्रीय अर्द्ध सैनिक बलों, गृह मन्त्रालय के कार्यालयों, डीसीपीडब्लू के कार्यालयों के मध्य डेटा, फैक्स और वॉयस की कनेक्टिविटी प्रदान करता था तथा थानों के लिए रिमोट साइट के वी-सेट के द्वारा मार्ट के जरिये वॉयस कनेक्टिविटी का प्रसार उपलब्ध कराता था। इस नेटवर्क की आयु पूर्ण हो जाने के उपरान्त अप्रैल 2021 से पोलनेट 2.0 नेटवर्क की स्थापना की गयी है। यह नेटवर्क सभी ऋतुओं में क्रियाशील रहता है जिसके माध्यम से 75 जनपदों में अंग्रेजी व हिन्दी में सन्देश/डाटा भेजने व वार्ता की सुविधा उपलब्ध है।

---

भारतीय स्वतंत्रता के 75वें वर्ष को हर्ष व गर्व पूर्वक मनाने तथा उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो के संगठनात्मक क्रमिक विकास व थाती से परिचित कराने हेतु शोध एवं अध्ययन के उपरान्त एक लेख श्रृंखला प्रस्तुत की जा रही है। यदि इस सम्बन्ध में किसी अधिकारी/कर्मचारी के पास कोई जानकारी साझा करने योग्य हो तो वह सीधे मुझे भेज सकते हैं।

—सत्य प्रकाश सिंह, उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर

### उत्तर प्रदेश पुलिस में रेडियो टेलीफोनी के वीएचएफ आवृत्ति के स्टैटिक/मोबाइल वायरलेस सेट

| क्र0 | उपकरण का नाम | क्रय का वर्ष | क्र0 | उपकरण का नाम | क्रय का वर्ष | क्र0 | उपकरण का नाम | क्रय का वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | MF-753 | 1958&59 | 16 | LVS110-VX-403 | 1976&77 | 31 | TK-708 | 1995&96 |
| 2 | MF-833 | 1958&59 | 17 | GH-301 | 1978&79 | 32 | GM-300 | 1996&97 |
| 3 | MF-843/844 | 1962&63 | 18 | MAN PACK LVP-313 | 1978&79 | 33 | PRM-8020 | 1997&98 |
| 4 | RX-601 ST | 1963&64 | 19 | TX MP | 1980&81 | 34 | GM-950 | 2001&02 |
| 5 | FM-10-1605 HUNGRY | 1968&69 | 20 | C-5031 | 1980&81 | 35 | TK-760G | 2002&03 |
| 6 | MOBILOPHONE ZPH | 1968&69 | 21 | LTX MOBILOPHONE | 1981&82 | 36 | TK-7100 | 2203&04 |
| 7 | GH-650 | 1969&70 | 22 | RMX MSI | 1981&82 | 37 | GM-338 | 2006&07 |
| 8 | MF-841 | 1969&70 | 23 | C-5030 | 1982&83 | 38 | VX-4204 | 2006&07 |
| 9 | BACK PACK GV-650 | 1970&71 | 24 | MP-10-10 | 1984&85 | 39 | STK-7160 | 2008&09 |
| 10 | BACK PACK GV-750 | 1973&74 | 25 | MP-1025 | 1984&85 | 40 | HYT TM-610 | 2010&11 |
| 11 | GH-750 | 1973&74 | 26 | RC-2625 | 1986&87 | 41 | IC-F5023 | 2013&14 |
| 12 | LVP-213 MAN PACK | 1973&74 | 27 | RV-2600 | 1989&90 | 42 | TK-M721 | 2013&14 |
| 13 | LVP-215 | 1973&74 | 28 | CHALLENGER | 1990&91 | 43 | XiRM-8668 | 2015&16 |
| 14 | RG-2002 | 1976&77 | 29 | MELTRON RT-41 | 1990&91 | | | |
| 15 | RP-2001 | 1976&77 | 30 | RCL | 1991&92 | | | |

### उत्तर प्रदेश पुलिस में रेडियो टेलीफोनी के वीएचएफ आवृत्ति के हैण्ड हेल्ड वायरलेस सेट

| क्र0 | उपकरण का नाम | क्रय का वर्ष | क्र0 | उपकरण का नाम | क्रय का वर्ष | क्र0 | उपकरण का नाम | क्रय का वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | MF-713 | 1959&60 | 10 | TACPHONE | 1991&92 | 19 | VX-400 | 2004&05 |
| 2 | MF-711 | 1962&63 | 11 | MELTRON | 1991&92 | 20 | VX-829 | 2005&06 |
| 3 | MF-723 | 1964&65 | 12 | RS-8162 | 1992&93 | 21 | TK-2170 | 2005&06 |
| 4 | LVM-208 | 1972&73 | 13 | RC-2009 | 1993&94 | 22 | HYT TC-780 | 2010&11 |
| 5 | RP-3001 | 1972&73 | 14 | GP-300 | 1996&97 | 23 | RL-328 | 2010&11 |
| 6 | TELEPORT | 1980&81 | 15 | PR-710 | 1997&98 | 24 | TK-2317 | 2012&13 |
| 7 | SXA PORTOPHONE | 1982&83 | 16 | GP-338 | 2002&03 | 25 | IC-F3023T | 2013&14 |
| 8 | RC-2203 | 1987&88 | 17 | GP-900 | 2002&03 | 26 | XiRP-8668 | 2015&16 |
| 9 | RC-2003 | 1990&91 | 18 | TK-270 G | 2002&03 | | | |

लेखन, सम्पादन एवं डिज़ाइन– श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर
डिज़ाइन सहयोग–श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक।